# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 03.06.2025**

- **थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 15,000 को वापस कराया गया।**
- **आवेदक द्वारा यू.पी.आई के माध्यम से 15,000 रुपये ट्रान्सफर करते समय गलत खाते में रुपये चले जाने तथा खाता धारक से सम्पर्क करने पर रुपये वापस न करने के सम्बन्ध में शिकायकर्ता द्वारा एन.सी.आर.पी पर शिकायत दर्ज करायी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता अर्पित यादव पुत्र श्री संतोष कुमार निवासी सुभाष नगर कस्बा व थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 05.05.2025 को यू.पी.आई के माध्यम से 15,000 रुपये ट्रान्सफर करते समय रुपये गलत खाते में चले जाने तथा खाताधारक से निवेदन करने पर रुपये वापस न करने की शिकायत **National Cyber Crime Reporting Portal** पर शिकायत संख्या 33105250052574 के माध्यम से की गयी थी। उक्त शिकायत पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 15,000 खाते में वापस करायी गयी। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 15,000/-**

**धनराशि वापस कराने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार
2. का0 529 गोपाल पंवार